प्रेषक,

सचिव
बेसिक शिक्षा परिषद
उ0प्र0 प्रयागराज।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः– बे0शि0प0/ 41410–582/2023–24 दिनांक 15-2-2024

विषयः– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023–24 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक परिषद के पत्रांक बे0शि0प0/29719–892/2023–24 दिनांक 27.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023–24 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे, में संशोधन करते हुए वार्षिक परीक्षा निम्न समय सारिणी के अनुसार सम्पादित की जायेगी।

| दिनांक | 16.03.2024 | | 18.03.2024 | | 19.03.2024 | | 20.03.2024 | | 21.03.2024 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | प्रथम पाली प्रातः 9.15 से 11.45 तक | द्वितीय पाली अपरान्ह 12.15 से 2.45 तक | प्रथम पाली प्रातः 9.15 से 11.45 तक | द्वितीय पाली अपरान्ह 12.15 से 2.45 तक | प्रथम पाली प्रातः 9.15 से 11.45 तक | द्वितीय पाली अपरान्ह 12.15 से 2.45 तक | प्रथम पाली प्रातः 9.15 से 11.45 तक | द्वितीय पाली अपरान्ह 12.15 से 2.45 तक | प्रथम पाली प्रात 9.15 से 11.45 तक | द्वितीय पाली अपरान्ह 12.15 से 2.45 तक |
| 1 | मौखिक परीक्षा | | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | सभी विषयों की मौखिक परीक्षा | | गणित | – | – | अंग्रेजी | हिन्दी | – | – | – |
| 3 | सभी विषयों की मौखिक परीक्षा | | गणित | संस्कृत/उर्दू | हिन्दी | अंग्रेजी | सामाजिक विषय | कला/संगीत | कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा | – |
| 4 | सभी विषयों की मौखिक परीक्षा | | हिन्दी | संस्कृत/उर्दू | सामाजिक विषय | अंग्रेजी | गणित | कला/संगीत | कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा | – |
| 5 | सभी विषयों की मौखिक परीक्षा | | हिन्दी | संस्कृत/उर्दू | सामाजिक विषय | अंग्रेजी | गणित | कला/संगीत | कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा | – |
| 6 | बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0कला/कृषि/गृह शिल्प | खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग | हिन्दी | संस्कृत/उर्दू | सामाजिक विषय | अंग्रेजी | गणित | कला/संगीत | विज्ञान | पर्यावरण अध्ययन |
| 7 | बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0कला/कृषि/गृह शिल्प | खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग | विज्ञान | संस्कृत/उर्दू | सामाजिक विषय | अंग्रेजी | गणित | कला/संगीत | हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन |
| 8 | बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0कला/कृषि/गृह शिल्प | खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग | विज्ञान | संस्कृत/उर्दू | सामाजिक विषय | अंग्रेजी | गणित | कला/संगीत | हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन |

2. शैक्षिक सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा के लिये मॉडल प्रश्न पत्र (लिखित एवं मौखिक प्रश्नोत्तरी) का निर्माण जनपद स्तर पर सम्बन्धित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तैयार कराया जायेगा।
3. खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्न पत्रों का विद्यालय स्तर पर वितरण दिनांक 14.03.2024 तक किया जायेगा।
4. शैक्षिक सत्र 2023–24 में कक्षा 01 की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी।
5. शैक्षिक सत्र 2023–24 में कक्षा 02 एवं कक्षा 03 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी, लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार 50–50 प्रतिशत रखा जायेगा। कक्षा 04 एवं कक्षा 05 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी, लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रखा जायेगा एवं कक्षा 6 से 08 की वार्षिक परीक्षा लिखित होगी।
6. शैक्षिक सत्र 2023–24 में लिखित वार्षिक परीक्षा 50 अंको की होगी। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे।

7. प्रश्न पत्र को 50 अंको में विभाजित किया जायेगा, जिसमे बहुविकल्पीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 10×01), अति लघु उत्तरीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 10×01), लघु उत्तरीय प्रश्न 20 अंक (कुल प्रश्न 04×05), एवं दीर्घ उत्त्रीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 02×05) के होंगे।
8. कक्षा 02 एवं कक्षा 03 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 10 शब्द), दीर्घ उत्त्रीय प्रश्न (अधिकतम 20 शब्द), कक्षा 04 एवं 05 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 25 शब्द), दीर्घ उत्त्रीय प्रश्न (अधिकतम 40 शब्द) तथा कक्षा 06 से 08 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 35 शब्द), दीर्घ उत्त्रीय प्रश्न (अधिकतम 75 शब्द), के होंगे।
9. शैक्षिक सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा में लिखित परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट होगी तथा मौखिक परीक्षा की समयावधि प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यकतानुसार निर्धारित की जायेगी।
10. प्रश्न पत्र का 56 जी0एस0एम0 क्रीम वोव वर्जिन पेपर 85 प्रतिशत ब्राइटनेस पर मुद्रण होगा तथा प्रश्न पत्र का आकार 14 से0मी0 × 21 से0मी0 होगा। प्रश्न पत्र की छपाई अधिकतम एक पेपर के दोनो तरफ की जायेगी। प्रश्न पत्रों की पैकिंग ब्लाकवार की जाएगी तथा आपूर्ति जनपद स्तर पर प्राप्त की जाएगी।
11. कक्षा 01,कक्षा 02, कक्षा 03, कक्षा 04, कक्षा 06 एवं कक्षा 07 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विद्यालय में विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया जायेगा।
12. कक्षा 05 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर कराया जायेगा। मूल्यांकन का कार्य संकुल (न्याय पंचायत) के अन्तर्गत स्थित अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जायेगा।
13. कक्षा 08 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विकास खण्ड स्तर पर कराया जायेगा। मूल्यांकन का कार्य विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित अन्य संकुल (न्याय पंचायत) के अध्यापकों से कराया जायेगा।
14. मूल्यांकन का कार्य परीक्षा के साथ साथ ही किया जायेगा तथा मूल्यांकन के उपरान्त परीक्षाफल घोषित किया जायेगा जिसमें विषयवार अंक अंकित करते हुए परीक्षाफल तैयार किया जायेगा। परीक्षाफल के आधार पर रिपोर्ट कार्ड बना कर छात्र–छात्राओं को **दिनांक 31.03.2024** को वितरित किया जायेगा।
15. वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर कक्षा 1 से कक्षा 8 तक किसी भी छात्र छात्रा की कक्षोन्नति नहीं रोकी जायेगी।
16. वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन से सम्बन्धित अभिलेख प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का प्राप्ति रजिस्टर/वितरण एवं अन्य सभी आवश्यक अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जायेंगे।
17. वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के दिवस को छात्र अभिभावक के साथ बैठक आयोजित की जायेगी तथा छात्र–छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र–छात्राओ एवं अभिभावक को दिखाया जायेगा तथा उसी समय रिजल्ट कार्ड भी छात्र छात्राओं को दिया जायेगा।
18. शासनादेश सख्या 529/79–6–2015 बेसिक शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 26.06.2015 एवं शासनादेश संख्या 124/79–6–2016 दिनांक 02.02.2016 में दी गयी व्यवस्थानुसार परीक्षा सकुशल सम्पादित करायी जायेगी।

शैक्षिक सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा का पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय स्तर पर सम्बन्धित प्रधानाध्यापक, विकास खण्ड स्तर पर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का होगा। परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता के लिये सम्बन्धित उत्तरदायी होंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव
बेसिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0, प्रयागराज।

पृ0सं0:– बे0शि0प0/ 41410-582 /2023–2024 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
5. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक उ0प्र0।
6. समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा समस्त जनपद उ0प्र0।

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव,
बेसिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0, प्रयागराज।

प्रश्नपत्र का प्रारूप, जिस रूप में मुद्रण किया जाना होगा।

वार्षिक परीक्षा 2023–24

कक्षा–6 से 8

समय : 2 घण्टा 30 मिनट विषय : क ख ग पूर्णांक : 50

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**प्रश्न सं0–1 सही विकल्प को लिखिए (10X1) 10 अंक**

(i)– महात्मा गाँधी का जन्म किस राज्य में हुआ था ?
क–उत्तर प्रदेश, ख–कर्नाटक ग–गुजरात, घ–असम

(ii)–राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे ?
क–बंकिम चन्द्र चटर्जी, ख–रविन्द्रनाथ टैगोर
ग–मुन्शी प्रेमचन्द घ–महादेवी वर्मा

(iii)– पश्चिम बंगाल की राजधानी कहाँ स्थित है ?
क–मुम्बई, ख–लखनऊ, ग–चंडीगढ़, घ–कोलकाता

(iv)–अशोक चक्र में कुल कितनी तीलियाँ हैं ?
क–12 ख–24 ग–50 घ–60

(v)– उत्तर प्रदेश में कुल कितने जनपद हैं ?
क–75 ख–18 ग–85 घ–90

(vi)–भारत की राजधानी कहाँ स्थित है ?
क–कोलकाता, ख–चेन्नई, ग–मुम्बई घ–दिल्ली

(vii)– पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?
क–27 सितम्बर ख–05 जून, ग–16 अक्टूबर घ–10 दिसम्बर

(viii)–लखनऊ किस नदी के किनारे स्थित है ?
क–गंगा, ख–गोमती, ग–सरयू घ–यमुना

(ix)– ताज महल कहाँ स्थित है ?
क–लखनऊ ख–प्रयागराज, ग–आगरा, घ–गाजियाबाद

(x)– सूर्य किस दिशा में निकलता है ?
क–पूरब, ख–पश्चिम, ग–दक्षिण घ–उत्तर

**प्रश्न सं0–2 अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए (10X1) 10 अंक**

(i)– भारत का राष्ट्रीय खेल कौन सा है ?

(ii)– उत्तर प्रदेश की राजधानी का नाम लिखिए।

(iii)– अयोध्या शहर किस नदी के तट पर स्थित है ?

(iv)– सचिन तेन्दुलकर किस खेल के लिए जाने जाते हैं?

(v)– संगम कहाँ पर स्थित है?

(vi)– 'राम चरित मानस' के रचयिता कौन हैं।

(vii)– 'तुम मुझे खून दो, मै तुम्हें आजादी दूँगा' किसका नारा है?

(viii)– विटामिन 'ए' की कमी से होने वाली बीमारी का नाम लिखिए।

(ix)– 'शिक्षक दिवस' कब मनाया जाता है?

(x)– 'वन्दे मातरम' के रचयिता कौन हैं?

**प्रश्न सं0–3 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 35 शब्दों में लिखिए (5X4) 20 अंक**

(i)– संज्ञा की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।

(ii)– कुपोषण से आप क्या समझते हैं?

(iii)–प्राकृतिक आपदा से आप क्या समझते हैं?

(iv)–सन्धियाँ कितने प्रकार की होती हैं? स्पष्ट कीजिए ।

(v)– यमक अलंकार सोदाहरण लिखिए।

**प्रश्न सं0–4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 75 शब्दों में लिखिए (2X5) 10 अंक**

(i)– "मेरा प्रिय त्यौहार" पर निबन्ध लिखिए।

(ii)– अपने प्रधानाध्यापक को एक दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।

प्रश्नपत्र का प्रारूप, जिस रूप में मुद्रण किया जाना होगा।

वार्षिक परीक्षा 2023–24

कक्षा–2 से 3

समय : 2 घण्टा 30 मिनट    विषय : क ख ग    पूर्णांक : 50

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्रश्न सं0–1 सही विकल्प को लिखिए (10X1) 10 अंक

(i)– वर्ष में कितने माह होते हैं ?
क–7, ख–12 ग–14, घ–30

(ii)–आकाश का विलोम क्या है ?
क–जल, ख–नभ, ग–पाताल, घ–चन्द्रलोक

(iii)– मंगलवार और बृहस्पतिवार के बीच में कौन सा दिन आता है?
क–सोमवार, ख–शनिवार ग–शुक्रवार, घ–बुधवार

(iv)– तिरंगा झण्डा में सबसे नीचे कौन सा रंग होता है ?
क–हरा ख–केसरिया ग–सफेद ध–नीला

(v)– सबसे तेज दौड़ने वाला पशु कौन सा है?
क–खरगोश ख–चीता ग–हाथी घ–कुत्ता

(vi)– जल का पर्यायवाची शब्द कौन सा है?
क–नीर, ख–पावक, ग–कमल घ–बादल

(vii)– निम्नलिखित में कौन सा जीव मांसाहारी है ?
क–गाय ख– हिरन, ग–शेर घ–बकरी

(viii)–निम्न में से सजीव कौन है ?
क–मेज, ख–कलम, ग–पौधा घ–चश्मा

(ix)– निम्न में बहुवचन शब्द कौन सा है?
क–विद्यार्थी, ख–शिक्षकों, ग–बालक, घ–पुस्तक

(x)– सप्ताह में कितने दिन होते हैं ?
क–30, ख–7, ग–15 घ–12

प्रश्न सं0–2 अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए (10X1) 10 अंक

(i)– भारत देश के राष्ट्रीय पक्षी का नाम लिखिए।
(ii)– उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री का नाम लिखिए।
(iii)– बालक का बहुवचन लिखिए।
(iv)– लाल किला कहाँ पर स्थित है ?
(v)– रात्रि का विलोम शब्द लिखिए।
(vi)– मछली कहाँ रहती है?
(vii)– एक हाथ में कितनी उंगलियां होती हैं ?
(viii)– अक्टूबर और दिसम्बर के बीच में कौन सा माह होता है?
(ix)– एक दर्जन में कितनी वस्तुए होती हैं?
(x)– घोड़ा का स्त्रीलिंग लिखिए।

प्रश्न सं0–3 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 10 शब्दों में लिखिए (5X4) 20 अंक

(i)– फलों के नाम लिखिए।
(ii)– भारत के प्रमुख त्यौहारों के नाम लिखिए।
(iii)– दीपावली क्यों मनायी जाती है?
(iv)– सुबह जल्दी उठने के क्या लाभ हैं ?
(v)– राष्ट्रीय झण्डा में कौन–कौन से रंग होते हैं ?

प्रश्न सं0–4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में लिखिए (2X5) 10 अंक

(i)– अपने प्रिय मित्र के सम्बन्ध में लिखिए।
(ii)– अपने परिवार के सदस्यों के बारे में लिखिए।

प्रश्नपत्र का प्रारूप, जिस रूप में मुद्रण किया जाना होगा।

वार्षिक परीक्षा 2023–24

कक्षा–4 से 5

समय : 2 घण्टा 30 मिनट विषय : क ख ग पूर्णांक : 50

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्रश्न सं0–1 सही विकल्प को लिखिए (10X1) 10 अंक

(i)– गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है ?
क–15 अगस्त, ख–02 अक्टूबर ग–26 जनवरी, घ–05 जून

(ii)– महात्मा गाँधी का जन्म दिवस कब मनाया जाता है ?
क–14 अप्रैल, ख–02 अक्टूबर ग–23 जनवरी घ–14 नवम्बर

(iii)– मध्य प्रदेश की राजधानी कहाँ स्थित है ?
क–मुम्बई, ख–भोपाल ग–चंडीगढ़, घ–रायपुर

(iv)– शान्तिनिकेतन की स्थापना किनके द्वारा की गयी ?
क–रवीन्द्रनाथ टैगोर ख–महात्मा गाँधी ग–ज्योतिबा फुले ध–विवेकानन्द

(v)– मथुरा किस नदी के तट पर स्थित है ?
क–यमुना ख–गंगा ग–बेतवा घ–मन्दाकिनी

(vi)– ताज महल का निर्माण किसके द्वारा कराया गया ?
क–हुमॉयू, ख–अकवर, ग–शाहजहॉ घ–जहॉगीर

(vii)– महाकवि सूरदास किनके भक्त थे ?
क–राम ख– शिव, ग–विष्णु घ–कृष्ण

(viii)– क्रिकेट की टीम मे कितने खिलाडी होते हैं ?
क–12, ख–11, ग–15 घ–18

(ix)– काशी विश्वनाथ मन्दिर कहाँ पर स्थित है ?
क–लखनऊ ख–वाराणसी, ग–आगरा, घ–गाजियाबाद

(x)– सौर मण्डल मे कुल कितने ग्रह हैं ?
क–9, ख–8, ग–12 घ–27

प्रश्न सं0–2 अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में लिखिए (10X1) 10 अंक

(i)– उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है ?

(ii)– भारत के प्रधानमंत्री का नाम लिखिए।

(iii)– भारत का राष्ट्रीय पुष्प का नाम लिखिए।

(iv)– दिल्ली किस नदी के किनारे स्थित है?

(v)– सूर्यास्त किस दिशा में होता है ?

(vi)– बाल दिवस कब मनाया जाता हैं।

(vii)– हॉकी का जादूगर किसे कहते हैं ?

(viii)– किस विटामिन की कमी से रतौंधी होती है।

(ix)– झाँसी की रानी कौन थी ?

(x)– 'जय हिन्द' का नारा किसने दिया ?

प्रश्न सं0–3 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिए (5X4) 20 अंक

(i)– प्राथमिक चिकित्सा से आप क्या समझते हैं।

(ii)– संतुलित भोजन किसे कहते हैं?

(iii)– कबीर दास का जीवन परिचय लिखिए।

(iv)– सूर्य की पर्यायवाची लिखिए।

(v)– एक वचन तथा बहु वचन को स्पष्ट करिए।

प्रश्न सं0–4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में लिखिए (2X5) 10 अंक

(i)– ''मेरी प्रिय पुस्तक'' पर निबन्ध लिखिए।

(ii)– प्रदूषण कितने प्रकार का होता है।